झारखंड की तीरंदाज रीता सवैयां का वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स के लिये इंडिया टीम में चयन

चर्चा में क्यों?

15 जुलाई, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार झारखंड के पश्चिम सिंहभूम ज़िले के चाईबासा के सिकुरसाई के तुरतुंग तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र की रीता सवैयां का चयन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स (विश्व विश्वविद्यालय खेलों) के लिये भारतीय टीम में हुआ है।

प्रमुख बिंदु

- रीता सावैयां 28 जुलाई से 8 अगस्त तक चीन के चेंगदू शहर में आयोजित होने वाले वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में भारतीय तीरंदाजी टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी।
- विदित है कि भुवनेश्वर के किट यूनिवर्सिटी में 14-15 जून को आयोजित सेलेक्शन ट्रायल में रीता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम में अपनी जगह पक्की की थी।
- रीता सवैयां दूसरी बार किसी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। मार्च 2018 में वह बांग्लादेश (ढाका) में आयोजित तीसरे एशियन आर्चरी चैंपियनशिप में भारत को स्वर्ण पदक दिला चुकी है।
- रीता सवैयां पश्चिम सिंहभूम ज़िले के तांतनगर प्रखंड की छोटा कोयता गाँव की रहने वाली हैं।
- वर्तमान में रीता हरियाणा के सोनीपत नेशनल सेंटर ऑफ एक्सलेंस में अभ्यास कर रहीं हैं। साथ ही वह गुरुकाशी यूनिवर्सिटी तलवंडी (बठिंडा) पंजाब में पढ़ती हैं।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jharkhand-archer-rita-savaiyan-selected-for-world-university-games